## खनिज निरीक्षक ने पकड़े तीन ट्रैक्टर, वन विभाग की भूमिका पर उठे सवाल

# वन भूमि की नदियों से धड़ल्ले से रेत उत्खनन, अधिकारी मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया क्षेत्र के दौरियाखेड़ा, कुर्सी ढाना और फांसी ढाना के जंगलों में स्थित गोंद्रा नदी से अवैध रेत उत्खनन का खेल लंबे समय से खुलेआम जारी है। वन भूमि एवं राजस्व क्षेत्र की नदियों से रेत चोरी होने के बावजूद जिम्मेदार विभागों की चुप्पी कई गंभीर सवाल खड़े कर रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि राजस्व, खनिज, पुलिस और वन विभाग के कुछ अधिकारियों के संरक्षण में "मंथली" व्यवस्था के जरिए रेत माफियाओं को खुली छूट दे दी गई है।

बताया जा रहा है कि हर रात करीब 50 से अधिक ट्रक और ट्रैक्टर रेत भरकर क्षेत्र से निकलते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इसकी पुष्टि कुआं बादला टोल प्लाजा के सीसीटीवी कैमरों से आसानी से की जा सकती है। लगातार हो रहे अवैध उत्खनन के कारण कई नदियों का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है और प्राकृतिक संतुलन बिगड़ने लगा है।

बीती रात खनिज निरीक्षक स्नेहलता ठवरे ने फांसी ढाना जंगल क्षेत्र में अचानक छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान गोंद्रा नदी से रेत का अवैध परिवहन करते हुए तीन ट्रैक्टरों को पकड़ा गया। हालांकि अधिकारियों की दबिश की भनक लगते ही कई वाहन चालक ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गए। जब्त किए गए ट्रैक्टरों को आगे की कार्रवाई के लिए तामिया थाना परिसर में खड़ा कराया गया है। खनिज विभाग द्वारा इन वाहनों पर खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण तैयार कर कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने की तैयारी की जा रही है। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बन गई।









सूत्रों के अनुसार, रेत माफियाओं की चालाकी भी इस पूरे मामले में सामने आई है। बताया जाता है कि पकड़े गए ट्रैक्टरों में से दो बिना किसी "एंट्री" के रेत चोरी कर रहे थे। इससे उन लोगों में भी चिंता बढ़ गई जिन्होंने कथित तौर पर "एंट्री" देकर अवैध रेत परिवहन की व्यवस्था बना रखी थी। वहीं, कथित संरक्षण देने वाले अधिकारियों की भूमिका भी सवालों के घेरे में आ गई है।

सबसे बड़ा सवाल वन विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर उठ रहा है। फांसी ढाना जंगल क्षेत्र में मुख्य मार्ग से लेकर नदी तक रेत से भरे वाहनों के स्पष्ट निशान देखे जा सकते हैं, जिससे साफ जाहिर होता है कि वन भूमि से बड़े पैमाने पर रेत का उत्खनन हो रहा है। इसके बावजूद वन विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होना विभागीय मिलीभगत की आशंका को मजबूत करता है।

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और रेत माफियाओं के साथ-साथ संरक्षण देने वाले अधिकारियों पर भी कठोर कार्रवाई हो। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते अवैध उत्खनन नहीं रोका गया तो क्षेत्र की नदियां पूरी तरह समाप्त हो जाएंगी और पर्यावरण को अपूरणीय क्षति पहुंचेगी।

### तामिया में 3 , न्यूटन में 2 अवैध रेत के ट्रैक्टर धराएखनिज अधिकारी की ताबड़तोड़ कार्रवाई

परासिया :- जिला खनिज अधिकारी स्नेहलता ठवरे और उनकी टीम ने बुधवार को ताबड़तोड़ कार्रवाई की । जिसके अंतर्गत तामिया में 3 ट्रैक्टरों को अवैध रेत परिवहन करते पकड़ा तो वहीं न्यूटन पेंच नदी में 2 ट्रैक्टरों को अवैध रेत उत्खनन करने के दौरान पकड़ा । सभी जब्त ट्रैक्टरों को पुलिस अभिरक्षा में खड़ा किया गया ।बीते लंबे समय से परासिया और तामिया क्षेत्र में रेत का अवैध कारोबार करने वाले बेखौफ नदियों से रेत निकाल कर एक ओर जहां नदी के जल स्तर को नुकसान पंहुचा रहे हैं , वहीं शासन को राजस्व का भी बेहद नुकसान हो रहा है । इसके विपरीत खनिज विभाग भी रेत का अवैध कारोबार रोकने के लिए ताबड़तोड़ कार्यवाही करने में पीछे नहीं है । इस मामले में खनिज अधिकारी स्नेहलता ठवरे के अंदाज से अवैध रेत कारोबारी अच्छी तरह से वाकिफ हैं । बावजूद इसके पूरी योजना के साथ नदियों से अवैध रूप से रेत निकालने का खेल जारी है । इसी खेल के दौरान बुधवार को तामिया में 3 ट्रैक्टर जो रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन में संलिप्त थे , उन्हें पकड़ने पहुंची , जो अधिकारी और उनकी टीम को देखते ही भागने लगे जिनका पीछा कर उन्हें पकड़ा गया और जब्त कर तामिया थाने में खड़ा कराया गया । इसी तरह न्यूटन पेंच नदी में भी 2 ट्रैक्टर जब्त कर पुलिस चौकी में खड़े कराए गए ।



### खबर संक्षेप

#### ईदुज्जुहा पर्व पर शांति व्यवस्था के लिए लगाई गई ड्यूटी

छिन्दवाड़ा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी हरेंद्र नारायन द्वारा जिले में 28 मई को ईदुज्जुहा पर्व के आयोजन के दौरान कानून व्यवस्था, लोक शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है । यह ड्यूटी कार्यक्रम प्रारंभ से कार्यक्रम समाप्ति तक के लिये लगाई गई है। उन्होंने सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी को शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये निर्देशित किया कि अपने अनुभाग, तहसील, थाना क्षेत्र में स्थानीय स्तर पर इस पर्व के आयोजन को संज्ञान में लेते हुये, विहित क्षेत्रों में सतत भ्रमण करें। वहां आयोजित होने वाले पर्व/धार्मिक समागम/अन्य कार्यक्रम के दौरान आने वाले श्रध्दालुओं, व्यक्तियों व अन्य व्यवस्थाओं को दृष्टिगत रखते हुये भारत सरकार गृह विभाग/ मध्यप्रदेश शासन द्वारा समय-समय पर जारी आदेश/ निर्देशों के अनुक्रम में समुचित आंकलन करें तथा क्षेत्र में समुचित सुरक्षा, शांति एवं कानून व्यवस्था की दृष्टि से क्षेत्रीय आवश्यकतानुसार अपने स्तर से इस कार्य में सहयोग के लिये अधीनस्थ कर्मचारियों की ड्यूटी लगाते हुये पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ निरंतर संपर्क, समन्वय बनाये रखेंगे तथा किसी महत्वपूर्ण अप्रिय घटना की जानकारी यदि हो या जिला स्तर से कोई कार्यवाही अपेक्षित हो तो उसे तत्काल जिला दण्डाधिकारी/अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे ।

#### म.प्र.विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर 30 मई को छिंदवाड़ा प्रवास पर रहेंगे

छिन्दवाड़ा। मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर नागपुर से 30 मई 2026 को प्रातः 10:30 बजे छिंदवाड़ा के लिये प्रस्थान करेंगे। वे दोपहर 12:30 बजे सर्किट हाउस छिंदवाड़ा पहुंचेंगे, जहां स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भेंट करेंगे। इसके बाद शाम 7 बजे दशहरा मैदान पोला ग्राउंड छिंदवाड़ा में जबलपुर एक्सप्रेस पत्र समूह के 35 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित "भजन जैमिंग" कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता करेंगे। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर रात्रि 8:30 बजे छिंदवाड़ा से नागपुर के लिये प्रस्थान करेंगे।

## नदी-नालों के किनारे दी दबिश, 8000 किलो लाहन नष्ट, 6 केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

क्षेत्र में अवैध शराब निर्माताओं और माफियाओं के खिलाफ आबकारी विभाग ने एक बार फिर सख्त रुख अख्तियार किया है। सहायक आबकारी आयुक्त बी.आर. वैद्य के मार्गदर्शन में आबकारी वृत्त सौंसर द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण और बिक्री के विरुद्ध एक विशेष अभियान चलाकर ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई।

विभाग की इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार, आबकारी विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम बड़गांबोड़ी, नवथल और बागोड़ा ढाना क्षेत्र में बहने वाली नदी एवं नालों के किनारों पर अचानक दबिश दी। माफियाओं ने इन दुर्गम स्थानों पर अवैध रूप से महुआ शराब बनाने के ठिकाने बना रखे थे। आबकारी टीम ने मौके से लगभग 8000 किलोग्राम महुआ लाहन और 150 लीटर तैयार महुआ शराब जब्त की। टीम ने बरामद महुआ लाहन के सैंपल (नमूने) लेकर लाहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया।मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहद 06 प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिए गए हैं। आबकारी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार ऐसी कार्रवाई निरंतर ग्रामीण क्षेत्रों में भी जारी रहेगी।



इस कार्यवाही में वृत्त प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी के.सी. चौहान, जी.एल. मरावी, श्रीमती भारती गोंड, वासुदेवाचार्य त्रिपाठी सहित आबकारी उपनिरीक्षक आकाश मेश्राम, श्रीमती पूर्णिमा बरकड़े, नरेंद्र नागेश,जीतसिंह धुर्वे आदि थे।

## उद्योगपतियों की मासिक बैठक आयोजित, औद्योगिक विकास एवं मूलभूत सुविधाओं पर की गई चर्चा

छिन्दवाड़ा। जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड तथा जिला स्तरीय निवेश संवर्धन एवं समन्वय समिति की 27 अप्रैल 2026 को आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन द्वारा जिले के उद्योगपतियों के साथ मासिक बैठक आयोजन किए जाने के निर्देशों के परिपेक्ष्य में बुधवार को जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र में जिले के उद्योगपतियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के औद्योगिक विकास, उद्योगपतियों की समस्याओं के निराकरण एवं सुझावों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान उद्योगपतियों द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों में कचरा संग्रहण, पानी की उपलब्धता तथा अतिक्रमण हटाने जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़े प्रमुख विषय उठाए गए। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र श्री आर.एस. उइके द्वारा उपस्थित उद्योगपतियों को अवगत कराया गया कि जिले के प्रत्येक विकासखंड में औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जाने के लिए भूमि चिन्हांकन का कार्य किया जा रहा है। प्रत्येक विकासखंड में औद्योगिक क्षेत्र विकसित होने से जिले में व्यापक औद्योगिक विकास होगा तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। बैठक में महाप्रबंधक ने यह भी जानकारी दी कि प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना के अंतर्गत छिंदवाड़ा जिला मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान पर है। योजना के तहत श्रमिकों को 60 वर्ष की आयु के बाद मासिक पेंशन दिए जाने का प्रावधान है। इस संबंध में उन्होंने सभी उद्योगपतियों को अपनी इकाइयों में कार्यरत सभी श्रमिकों का पंजीयन कराने के लिये निर्देशित किया, जिससे योजना का लाभ सभी श्रमिकों को प्राप्त हो सके। बैठक में महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र श्री उइके, लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष श्री सौरभ राय, चैम्बर ऑफ कॉमर्स के सचिव श्री विशाल माहेश्वरी, श्री राहुल भसीन, श्री रोहित साहू सहित अन्य उद्योगपति उपस्थित थे।



### केंद्रीय मंत्री गडकरी के जन्मदिन पर पूर्व राज्यमंत्री मोहोड़ ने दी बधाई



सौंसर। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के जन्मदिन के अवसर पर बुधवार को नागपुर स्थित उनके निवास स्थान पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। इस विशेष मौके पर सौंसर क्षेत्र के पूर्व राज्यमंत्री नानाभाऊ मोहोड़ के नेतृत्व में स्थानीय कार्यकर्ताओं ने नागपुर पहुंचकर केंद्रीय मंत्री गडकरी से मुलाकात की। कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय मंत्री को गुलदस्ता भेंट कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनके उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु होने की कामना की। शुभकामनाएं देने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता इंदरचंद्र डागा सहित अन्य स्थानीय नेता और कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सभी ने केंद्रीय मंत्री के कुशल नेतृत्व और देश के विकास में उनके योगदान की सराहना की।

### श्री दादाजी धूनीवाले का अखंड नाम सर्कीतन शोभा यात्रा एवं महाप्रसाद भंडारे का आयोजन

छिंदवाड़ा। श्री दादाजी धूनीवाले का अखंड नाम सर्कीतन विशाल शोभा यात्रा एवं महाप्रसाद भंडारे का आयोजन परमात्मा के अनुग्रह माँ नर्मदा की असीम कृपा से श्री दादाजी धूनीवाले के चौबीस घंटे के अखंड नाम संकीर्तन भज लो दादाजी का नाम भज लो हरिहर जी का नाम का आयोजन दादाजी सेवक गोपीचंद पवार एवं परिवार की ओर से आयोजित किया गया है ।

आनंद बक्षी ने बताया कि दिनांक 28.05.2026 दिन गुरूवार को प्रातः 8.30 बजे से शिव गजानन मंदिर विवेकानंद कालोनी से शोभा यात्रा श्री शिर्डी साई मंदिर तक निकाली जावेगी ।इसके उपरांत आरती होगी तथा प्रातः 10.00 बजे से 24 घंटे का अखंड नाम संकीर्तन प्रारम्भ होगा। सायः 5 बजे एवं रात्रि 8.00 बजे आरती की जायेगी। दिनांक 29.5.2026 दिन शुक्रवार को प्रातः 5.00 बजे आरती एवं अभिषेक प्रातः 9.00 बजे श्री सत्यनारायण कथा तथा कथा के उपरांत अखंड नाम संकीर्तन का समापन तथा महाआरती की जायेगी दोपहर 1.00 बजे से शाम 6.00 बजे तक भक्तगणों हेतु विशाल महाप्रसाद भंडारा आयोजित किया गया है। सेवक गोपीचंद पवार तथा समस्त दादाजी धूनीवाले भक्त परिवार ने दो दिवसीय आयोजन उपस्थित होकर पुण्यार्जन का आग्रह किया हैं।

#### छात्र नेता अर्पित तिवारी के नेतृत्व में छात्र छात्राओं ने सौंपा ज्ञापन

छिंदवाड़ाः छात्र नेता अर्पित तिवारी ने बताया कि कुछ दिन पूर्व एम.ए. इंग्लिश लिटरेचर के छात्र - छात्राओं का परिक्षा परिणाम जारी हुआ था जिसमें काफी छात्र - छात्राएं ऐसे हैं जिन्हें एक ही विषय में शून्य अंक दे दिए गए हैं, जिसके कारण उन्हें परीक्षा परिणाम में पूरक आ गई है। छात्र छात्राओं का कहना है कि उन्होंने परीक्षा में सभी प्रश्नों को अटेंड किया जो पूछा गया उसका उसका उत्तर भी सही लिखा उसके बाबजूद उन्हें शून्य अंक देना अन्याय पूर्ण है। छात्रों की तरफ से बात रखते हुए पीजी कॉलेज प्रभारी करण धारे ने कहा कि परिक्षा परिणाम जब जब जारी होता हे हर बार कही न कही कोई न कोई त्रुटि निकलर सामने आती है।

## सहायक उप निरीक्षक बृजेश रघुवंशी ने की अभद्रता, पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा निवासी कृष्णा नागवंशी ने बताया कि वे अपने काम से मानसरोवर बस स्टैंड आया था, जब में वापस अपने घर की और जाने लगा तो पुलिस चेकिंग चल रही थी साथ ही हेलमेट चेकिंग भी होती है, इसी दौरान मेरा टू व्हीलर वाहन थाने के अंदर ले जाया गया, भीड़ अत्यधिक होने के कारण मैंने थाने के अंदर जाकर कोतवाली मेन गेट के साइड में अपनी टू व्हीलर वाहन खड़ी किया और में अपनी ही गाड़ी के ऊपर बैठ गया। इसी दौरान कोतवाली में पदस्थ बृजेश रघुवंशी आए और मेरे साथ अभद्रता एवं गाली-गलौच करते हुये बोले कि तू यहाँ कैसे बैठा है, तब मैं गाड़ी से नीचे उतर गया और मैंने श्री रघुवंशी से कहा कि सर यही बात आप अच्छे से भी बोल सकते थे, परंतु आपने मेरे साथ गाली-गलौच क्यों की, मेरे इतना बोलने पर उन्होनें और गाली-गलौच करते हुये मुझे अंदर करने की धमकी देने लगे, और फोन लगाकर अन्य पुलिस कर्मी को बुलाकर बोले की इसका चालान काटो, तब मैंने बोला कि आप चालान काट दीजिए ,उसके बाद में कोतवाली थाना प्रभारी से शिकायत किया परंतु उन्होंने भी मेरी कोई बात नहीं सुनी और ब्रजेश रघुवंशी वहाँ आए और मेरे ऊपर ही आरोप लगाते हुये बोले कि मैं उनके साथ अभद्रता की है, परंतु थाना प्रभारी ने मेरी कोई बात नहीं सुनी और मुझे बाहर बैठने के लिए बोल दिए जब बाहर बैठ गया इसके बाद मुझे 5.30 से 8.30 तक कोतवाली थाने में बैठाया गया, जब मैंने इसकी सूचना सीएसपी सर को फोन के माध्यम से दी तब उन्होंने मेरी गाड़ी का चलानी कार्यवाही करवाकर मुझे थाने से जाने के लिये कहा । पीड़ति ने श्री रघुवंशी के विरूद्ध आज 27 मइपुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंप

आपसे विनम्र निवेदन है की ऐसे पुलिस कर्मी के उपर सख्त से सख्त कार्यवाही करने की मांग की जिससे भविष्य में किसी आम नागरिक के साथ कोई भी पुलिस कर्मी अनावश्यक ही अभ्रदता न कर सके ।

### सांसद ने दो मरीजों को दिलाई 1 लाख 10 हजार की आर्थिक सहायता राशि

छिन्दवाड़ा। सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से ईलाज कराने में असमर्थ लोगों को मदद दिलाने का सिलसिला लगातार जारी है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीज एवं उनके परिजन लगातार सांसद श्री साहू से संपर्क कर आर्थिक सहायता की अर्जी लगा रहे है। सांसद श्री साहू सभी आवेदनों पर गंभीरता से विचार कर उन्हें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सहयोग से उनकी स्वेच्छानुदान मद से लगभग प्रतिदिन लाखों रूपयों की सहायता राशि भी उपलब्ध करा रहे है। सिके आधार पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तुर्की खापा निवासी श्रीमती योगिता पति सुभम साहू को 65 हजार एवं खमरा निवासी केशराम पिता लक्खु वर्मा को 45 हजार की स्वेच्छानुदान मद से आर्थिक सहायता स्वीकृत कर दी है। सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयास से सहायता राशि मिलने पर बीमारी से पीड़ति मरीजों का नागपुर के अस्पतालों में इलाज हो सकेगा।

## गर्मी में अस्पताल में वितरित की गई छाछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



भीषण गर्मी एवं नौतपा प्रारंभ होने के कारण आमजन, मरीजों एवं उनके परिजनों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से मानवता विकास वेलफेयर सोसाइटी एवं संत श्री आसाराम बापू गौशाला के तत्वाधान में जिला अस्पताल, छिंदवाड़ा में शीतल छाछ वितरण सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मरीजों, उनके परिजनों एवं आमजनों को शीतल छाछ वितरित कर गर्मी से राहत पहुंचाने का प्रयास किया गया। इस सेवा कार्य का मुख्य उद्देश्य नौतपा की भीषण गर्मी में जरूरतमंदों तक मानवता, सेवा एवं सहयोग का संदेश पहुंचाना रहा। इस अवसर पर मानवता विकास वेलफेयर सोसाइटी की जिला अध्यक्ष डॉ. मीरा पराड़कर जी की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम संस्था के सचिव एवं संस्थापक अखिल सूर्यवंशी जी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में करुणेश पाल, श्रीमती नीता साहनी, अंगूरी दीदी, योगिता पराड़कर, श्री परिहार जी, शर्मा बहन, Mrs. पराड़कर, सनौड़िया जी, रामदास भाई, डॉ. रामकुमार आमगोरिया आदि मौजूद रहे।

### ओ.पी.डी. रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया रहे सुचारू, आमजन को परेशानी ना हो - कलेक्टर

# अस्पताल परिसर में गंदगी फैलाने वालों पर लगेगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिला अस्पताल छिन्दवाड़ा की व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन ने बुधवार को जिला चिकित्सालय और छिंदवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (सिम्स) के प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक पुनः आयोजित की । बैठक का आयोजन कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में किया गया था। बैठक में गत बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्यवाही और पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये । बैठक में सिम्स के डीन डॉ. अभय कुमार सिन्हा, सीएमएचओ डॉ.नरेश गोन्नाडे, सिविल सर्जन सह जिला अस्पताल अधीक्षक डॉ.सुशील दुबे, अधीक्षक (सिम्स), आर.एम.ओ डॉ.हर्षवर्धन कुड़ापे, सहायक प्रबंधक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।





### बैठक में निर्धारित बिंदुओं पर चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए

1. **ओ.पी.डी. रजिस्ट्रेशन** : बैठक में कलेक्टर श्री नारायन ने निर्देश दिए कि ओ.पी.डी. रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया सामान्य रूप से सुचारू रहनी चाहिए। आमजन को इसमें कोई परेशानी नहीं हो। सभी संबंधित प्रभारी स्वयं इसे चेक करें। द्वितीय पाली में भी ओ.पी.डी. को अनिवार्य रूप से खुला रखा जाए।
2. **फायर सेफ्टी** : फायर सेफ्टी संबंधी कार्यवाहियों की शीघ्र स्वीकृति के लिए कलेक्टर श्री नारायन के माध्यम से एक उच्च स्तर पर एक अर्ध शासकीय पत्र प्रेषित करने का निर्णय लिया गया।
3. **एंबुलेंस निविदा**: बैठक में हुए निर्णय अनुसार भविष्य में किसी तरह की परेशानी न हो इसके लिए एंबुलेंस संबंधी निविदा को अभी ओपन रखा जाएगा। एंबुलेंस के लिए ड्राइवरों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।
4. **बायो-मेडिकल वेस्ट** : मेडिकल वेस्ट प्रबंधन का भुगतान शासन के माध्यम से या जिला चिकित्सालय के अनुबंध के अनुसार ही करने के संबंध में स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया।
5. **साफ-सफाई एवं जुर्माना**: अस्पताल परिसर में गंदगी फैलाने वालों पर 100 का जुर्माना लगाया जाएगा।
6. **33 के.वी. विद्युत लाइन के लिए अनुमति प्राप्त करने के निर्देश** : 33 KV विद्युत लाइन के नीचे से बिजली की अंडरग्राउंड केबल बिछाने के संबंध में नागपुर रेलवे से अनुमति प्राप्त करने के निर्देश दिए गए ।

### अखिल भारतीय महेश्वरी महिला संगठन ने सशक्त मुद्रा व समृध्द भारत अभियान को लेकर सांसद बंटी विवेक साहू से मुलाकात



छिंदवाड़ा। अखिल भारतीय महेश्वरी महिला संगठन प्रांत पूर्वी मध्यप्रदेश जबलपुर संभाग के पदाधिकारियों ने सशक्त मुद्रा व समृध्द भारत अभियान को लेकर सांसद बंटी विवेक साहू से मुलाकात की है। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने सांसद श्री साहू से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए उनके द्वारा चलाए जा रहे अभियान की जानकारी दी और उनके अभियान को सफल बनाने के लिए सहयोग की अपेक्षा की है। मुलाकात के दौरान जिला महेश्वरी महिला संगठन की पदाधिकारियों ने सांसद बंटी विवेक साहू को बताया कि उनके द्वारा स्वदेशी को अपनाने, सोने के मोह को त्यागने, ईंधन की बचत, विदेशी मुद्रा का संरक्षण, वर्क फॉर होम एवं स्वस्थ जीवन सशक्त भारत को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। जिसे लोगों का सर्मथन मिल रहा है। इस दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने जिला महेश्वरी संगठन द्वारा चलाए जा रहे अभियान की प्रशंसा करते हुए उन्हें हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है। इस दौरान महापौर विक्रम अहके सहित जिला महेश्वरी महिला संगठन की ओर से पूर्वी मध्य प्रदेश संभागीय उपाध्यक्ष व जिला उपाध्यक्ष श्रीमती शुचिता राठी, नगर निगम अध्यक्ष सौंसर श्रीमती सुरेखा डागा, जिला अध्यक्ष अलका जखोटिया, संभाग सचिव मोना मालानी, जिला सचिव श्वेता बागानी, पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष बागानी, संगठन मंत्री हर्षा टावरी, प्रदेश सदस्य संगीता राठी, जिला सदस्य रीता राठी, पेट्रोल पंप अध्यक्ष छिंदवाड़ा अनिल राठी,उमेश जखोटिया,ललित मालानी,राजकुमार राठी,स्वरूप राठी आदि उपस्थित थे।

## 10 जून तक लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश, सदस्यता महा अभियान 2026 एवं ई-विकास प्रणाली की समीक्षा बैठक संपन्न

# लक्ष्य अनुरूप प्रगति नहीं होने पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



आज 27 मई को दोपहर 3:00 बजे नगर पालिका सभाकक्ष पांढुर्णा में कलेक्टर श्री नीरज कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में सहकारिता विभाग अंतर्गत जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित छिंदवाड़ा, जिला पांढुर्णा द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता महा अभियान 2026 एवं ई-विकास प्रणाली की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर श्री वशिष्ठ द्वारा सदस्यता महा अभियान 2026 में निर्धारित लक्ष्यों के अनुपात में न्यूनतम प्रगति वाली पैक्स समितियों पर नाराजगी व्यक्त की गई एवं संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर श्री वशिष्ठ द्वारा निर्देशित किया गया कि पांढुर्णा जिले की समस्त 49 बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां 10 जून तक निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप गैर कृषक सदस्यों को समिति का सदस्य बनाना सुनिश्चित करें।

### खाद उठाव में तेजी लाने के दिए निर्देश

बैठक में कलेक्टर श्री वशिष्ठ द्वारा ई-विकास प्रणाली के माध्यम से खाद के उठाव में तेजी लाने हेतु भी निर्देशित किया गया। बैठक में प्रशासन प्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्या. छिंदवाड़ा, सहकारिता निरीक्षक कार्यालय उपयुक्त सहकारिता छिंदवाड़ा, शाखा प्रबंधक समस्त जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्या. छिंदवाड़ा जिला पांढुर्ना, अनुविभागीय अधिकारी कृषि विभाग, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पांढुर्ना, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं समस्त समिति प्रबंधक उपस्थित रहे।

## ईद पर्व की तैयारियों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**पांढुर्णा।** कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में आगामी ईद पर्व के शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित योजन को लेकर शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभा कक्ष, पांढुर्णा में आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री प्रकाश चंद्र परिहार, एसडीएम पांढुर्णा श्रीमती अलका एक्का, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री राजकुमार ईवनाती सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं जिले के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने ईद पर्व के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया कि ईद पर्व के अवसर पर शहर में साफ-सफाई, पेयजल एवं अन्य मूलभूत व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जाएं, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने विशेष रूप से निर्देशित किया कि पर्व के दौरान अपशिष्ट पदार्थों को खुले में अथवा किसी भी नदी एवं जल स्रोत में प्रवाहित न किया जाए। उन्होंने कुर्बानी संबंधी कार्यक्रम निर्धारित एवं उपयुक्त बड़े स्थान पर आयोजित किए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि अवशेषों का वैज्ञानिक एवं सुरक्षित निस्तारण किया जाए। इसके लिए बड़े गड्ढों के माध्यम से अवशेषों को सुरक्षित रूप से नष्ट करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में उपस्थित नागरिकों एवं शांति समिति के सदस्यों से अपील की गई कि ईद पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक गतिविधियों अथवा शांति व्यवस्था प्रभावित करने वाले कार्यों से दूर रहें। सभी से पर्व को आपसी भाईचारे, सौहार्द, सामाजिक समरसता एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई।




## जामसांवली पहुंचे भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री राधामोहन दास अग्रवाल

**सौंसर।** विश्वविख्यात चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर ₹हनुमान लोक₹ जामसांवली धाम में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री व राज्यसभा सांसद राधामोहन दास अग्रवाल, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल तथा मध्यप्रदेश तीर्थक्षेत्र एवं मेला विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष विनोद गोंटिया ने धाम पहुंचकर हनुमान जी के दिव्य दर्शन किए। सभी अतिथियों ने देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की। भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री राधामोहन दास अग्रवाल और क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने मंदिर पहुंचकर विशेष पूजा-अर्चना की। मंदिर संस्थान के अध्यक्ष गोपाल शर्मा एवं ट्रस्टीगणों द्वारा सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया।दर्शन के उपरांत राष्ट्रीय महामंत्री श्री अग्रवाल ने कहा की₹यह मंदिर केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति और भारतीय परंपरा की जीवंत पहचान है। यहाँ पहुंचकर मन को अद्भुत शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव होता है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश तीर्थक्षेत्र एवं मेला विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री विनोद गोंटिया भी जामसांवली धाम पहुंचे। उन्होंने शाम की भव्य महाआरती में भाग लिया और श्री मूर्ति की विधि-विधान से पूजा की। इस दौरान श्री गोंटिया ने मंदिर संस्थान द्वारा संचालित भोजन सेवा प्रकल्प 'प्रसादम' का गहन बारीकी से अवलोकन किया।अध्यक्ष गोपाल शर्मा नितिन बागानी ने उन्हें मंदिर परिसर में चल रहे विकास कार्यों और श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध कराई जा रही आधुनिक सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी।

## पटवा लखेरा समाज के नगर अध्यक्ष बने दीपक पटवा



**जुन्नारदेव।** पटवा लखेरा समाज जिला छिंदवाड़ा माता महागौरी मंदिर समिति द्वारा अपनी कार्यकारिणी में विस्तार करते हुए नई नियुक्तियां की गई है इसी कड़ी में पटवा लखेरा समाज के जिला अध्यक्ष रमेश बागरे की अनुशंसा पर जुन्नारदेव क्षेत्र के समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता दीपक पटवा को जुन्नारदेव नगर अध्यक्ष के पद पर पदस्थ किया गया है उनकी इस नियुक्ति पर जुन्नारदेव नगर के सामाजिक बंधुओ के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## नशामुक्त अभियान के राज्य स्तरीय प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण सम्पन्न



**छिंदवाड़ा।** समाज मे नशाखोरी की विकृति मे बढ़ोत्तरी मे कमी लाने के लिए सामाजिक न्याय एवं दिवयांगजन सशक्तिकरण विभाग छिंदवाड़ा के द्वारा राजनंदनी सिंह ठाकुर डिप्टी कलेक्टर एवं उपसंचालक सामाजिक एवं दिवयांगजन सशक्तिकरण छिंदवाड़ा के निर्देशन मे जिला नशा मुक्ति सह पुनर्वास केंद्र छिंदवाड़ा के डारेक्टर पंडित राकेश शर्मा,एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्यामल राव, मनोज ठाकुर, एवं आई टी आई हर्रई के प्राचार्य अनिल बंदेवार को नशा मुक्त भारत अभियान अंर्तगत राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए चयनित किया गया। वाल्मी भोपाल मे आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण मे रिसोर्स परसन राजीव तिवारी, समर्थ दंडोतिया, एम्स भोपाल के साईक्रेटिक्स डा अजीत कांगेरिया, एम पी सेक भोपाल के डा दीपक तिवारी एवं सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारी गणो के द्वारा नशा मुक्ति भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिये प्रदेश से शामिल हुये सभी प्रतिभागियों को नशा के प्रकारो मे पीने वाले, डगस लेने वाले ओर सूंघने वाले मादक पदार्थों के सेवन करने वाले व्यक्ति को नशा के दुष्प्रभावों, नशे से पीड़ति व्यक्ति का रिहेबलेशन, रेफरल एवं इसके उपचार के तरीके, देश मे नशे से होने वाली मृत्यु, एच आई वी की रोकथाम करने संस्थाओं की भागीदारी सुनिश्चित कर संख्या मे रोकथाम के तरीको से अवगत कराया गया।

# पर्याप्त पानी नहीं मिला तो आक्रोशित हुए लोग, सड़क पर आकर वाहनों को रोका



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया नगर पालिका के वार्ड 20 और 21 के लोगों को जब पर्याप्त पानी नहीं मिला तो वे आक्रोशित हो गए। गुस्साए लोग बड़ी संख्या में परासिया - जामई मुख्य मार्ग पर आ गए और मंगली बाजार क्षेत्र में वाहनों को रोक दिया। जिस से चक्का जाम की स्तिथि बन गई। खबर लगते ही तहसीलदार, सी एम ओ, इंजीनियर और चांदामेटा पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों को तत्काल पानी देने का आश्वासन दिया, तब लोगों ने मार्ग खाली किया। नगर पालिका परासिया के वार्ड 20 और 21 में अन्य वार्डों की अपेक्षा 4 दिनों के अंतराल में पानी सप्लाई होता है। बुधवार को पानी सप्लाई होना था, लेकिन पानी सप्लाई नहीं हुआ तो वार्डवासी पार्षद सावित्री वर्मा के घर पहुंच गए और शिकायत की। तब पार्षद सावित्री वर्मा वार्डवासियों को साथ लेकर नगर पालिका कार्यालय पहुंची और पानी सप्लाई नहीं होने की बात कही। जिस पर उन्हें कुछ समय बाद पानी सप्लाई होने का कहा गया। सभी लोग वापस लौट आए। शाम को करीब 4 बजे पानी सप्लाई किया गया, लेकिन कुछ ही देर में सप्लाई बंद हो गई, जिस से लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाया तो लोग गुस्से में सड़क पर आ गए और वाहनों की आवाजाही रोक दी। कुछ ही देर में परासिया - जामई मुख्य मार्ग पर वाहनों की लम्बी कतार लग गई। सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार राम सूर्यवंशी, सी एम ओ योगेश बट्टी, इंजीनियर राजेंद्र सोनी मंगली बाजार पहुंचे। तहसीलदार ने तत्काल पानी सप्लाई करने के आदेश दिए। जिसके बाद लोगों का गुस्सा कम हुआ और वाहनों की आवाजाही शुरू हुई।

# सौंसर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न, आपसी भाईचारे, गाइडलाइन के साथ मनेगा ईद का पर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

आगामी ईद-उल-फितर (ईद) के पावन पर्व को क्षेत्र में शांति, सौहार्द और कानून व्यवस्था के साथ मनाने के उद्देश्य से बुधवार को सौंसर थाना परिसर में शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में सौंसर तहसीलदार श्री बेलवंशी, नायब तहसीलदार अशोक मडामे, पुलिस अधिकारी प्रहलाद बैरागी, सौंसर नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मण चाके आदि थे।बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस महकमे के अफसरों और नगर के गणमान्य नागरिकों व शांति समिति के पदाधिकारियों ने प्रमुख रूप से हिस्सा लिया। बैठक के दौरान सौंसर नगर की विभिन्न मस्जिदों में होने वाले कार्यक्रमों के साथ-साथ मुख्य ईदगाह पर अदा की जाने वाली विशेष नमाज के समय और रूपरेखा को लेकर मुस्लिम कमेटी के सदस्यों द्वारा विस्तृत जानकारी साझा की गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने त्योहार के दौरान यातायात व्यवस्था, पेयजल और सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने का भरोसा दिलाया।बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने शासन द्वारा जारी की गई गाइडलाइन की जानकारी देते हुए कहा कि सौंसर क्षेत्र की सभी मस्जिदों और ईदगाह परिसर के आसपास नगर पालिका के माध्यम से विशेष साफ-सफाई व प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में प्रभारी सीएमओ रमन बागडे, जफर पटेल एज्जाज मंसूरी,मोहम्मद इलियास, वसीम खान आरिफ खान आसिफ पठान, मोहम्मद इमरान अब्दुल सलाम, रमेश पातुरकर राजू वाडेकर आदि थे।

## पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रमोद बोरकर सहित अन्य दो आरोपी दोषमुक्त

# विशेष न्यायाधीश विद्युत अधिनियम न्यायालय का फैसला



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** तिरोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम मिरगपुर से जुड़ा छह वर्ष पुराना मामला आखिरकार न्यायालय के निर्णायक फैसले के साथ समाप्त हुआ। पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रमोद बोरकर, सचिन भौरजार और लक्ष्मीचंद बोपचे पर लगाए गए गंभीर आरोपों से विशेष न्यायाधीश विद्युत अधिनियम न्यायालय ने उन्हें दोषमुक्त कर दिया। यह फैसला 26 मई को सुनाया गया, जिसने लंबे समय से चल रहे इस विवादास्पद मामले को एक नई दिशा दी। करीब 06 वर्ष पूर्व 16 और 17 जुलाई 2020 की मध्यरात्रि, लगभग 11 बजे से ड़ेढ बजे के बीच करंट की चपेट में आने से विकास हरिनखेड़े की मौत हो गई थी। आरोपियों पर यह आरोप था कि उन्होंने अपने खेत में शराब बनाने वाली जगह के आसपास अवैध रूप से विद्युत तारों में करंट प्रवाहित किया। जिसकी चपेट में आने से विकास हरिनखेडे की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 304/34 और 201/34 के तहत मामला दर्ज किया। आरोपियों पर हत्या जैसे गंभीर अपराध का आरोप लगाया गया था। अभियोजन पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ गवाहों और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों को प्रस्तुत किया। बचाव पक्ष ने यह तर्क दिया कि आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस प्रत्यक्ष साक्ष्य नहीं है। विद्युत चोरी और करंट प्रवाहित करने के आरोप को साबित करने के लिए पर्याप्त तकनीकी प्रमाण उपलब्ध नहीं थे। न्यायालय ने पाया कि अभियोजन पक्ष आरोपियों की संलिप्तता को संदेह से परे साबित करने में असफल रहा। परिस्थितिजन्य साक्ष्य और गवाहों के बयान में विरोधाभास पाए गए। तकनीकी जांच रिपोर्ट भी आरोपियों को दोषी ठहराने के लिए पर्याप्त नहीं थी। 26 मई को विशेष न्यायाधीश विद्युत अधिनियम न्यायालय ने तीनों आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया। न्यायालय ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपियों की संलिप्तता को साबित करने में असफल रहा है, इसलिए उन्हें संदेह का लाभ दिया जाता है।

## कटंगी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कटंगी थाना परिसर में बुधवार दोपहर 1 बजे आगामी बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुस्लिम समुदाय के सदर सहित अन्य वरिष्ठजन, पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य था कि 28 मई को मनाई जाने वाली बकरीद का पर्व शांति और सद्भाव के साथ संपन्न हो। इस बैठक में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विवेक कुमार शर्मा और थाना प्रभारी धमेन्द्र कुसराम विशेष रूप से मौजूद रहे। इसके अलावा मुस्लिम समुदाय के हनफिया सुन्नी जामा मस्जिद के सदर तथा अन्य वरिष्ठजन भी बैठक में शामिल हुए। बैठक में बताया गया कि बकरीद पर्व के दिन ईदगाह में सुबह 8 बजे से साढ़े 8 बजे तक विशेष नमाज अदा की जाएगी। इसके बाद तीन दिनों तक कुर्बानी का आयोजन होगा। अन्य दो मस्जिदों में भी नमाज अदा की जाएगी। ग्रामीण अंचल के ग्राम कोहका और जराहमोहगांव में भी विशेष नमाज का आयोजन होगा। पुलिस अधिकारियों ने समुदाय के प्रतिनिधियों से पूछा कि बकरीद पर किन-किन कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बताया कि बकरीद पर किसी भी प्रकार का कोई आयोजन नहीं होता। थाना प्रभारी धमेन्द्र कुसराम ने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो, इसके लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा।

## ठेकेदार के आगे सीएमओ, अध्यक्ष व पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल हुए बेबस

# गुंडागर्दी के साथ ठेकेदार के कर्मचारी कर रहे सब्जी व मवेशी बाजार में वसूली



### दुकानदारों से वसूल रहे निर्धारित दर से 5 गुना तक अधिक राशि, परिषद व पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल के आदेशों की ठेकेदार उड़ा रहा धज्जियॉ

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** 10, 20 व 30 रुपये के स्थान पर 50 रुपये व 70 रुपये प्रति दुकान/ठेला, 370 रुपये प्रति जोड़ी के स्थान पर 800 व 1000 रुपये अर्थात निर्धारित दर से 7 गुना, 3 गुना व दोगुना वसूली। यह ऑकड़े है वारासिवनी नगरपालिका परिषद अंतर्गत भरने वाले बैठकी बाजार व मवेशी बाजार के। नगरपालिका परिषद वारासिवनी द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए इस बाजार का ठेका मुदित अग्रवाल नामक एक ठेकेदार को दिया है।

बताया जाता है कि ठेकेदार द्वारा यह ठेका लगभग 38 लाख रुपये में लिया गया है। जो पिछले ठेके से लगभग 10 लाख रुपये अधिक है। अब इस राशि की वसूली के लिए ठेकेदार के कर्मचारी पूरी गुंडागर्दी के साथ बाजार में आकर अपना सामान बेचने वाले ग्रामीणों व दुकानदारों से मनमानी वसूली कर रहे है। जिसके संबंध में नगरपालिका सीएमओ, अध्यक्ष व पूर्व विधायक सभी को पूरी जानकारी है। लेकिन तीनों ही ठेकेदार की इस गुंडागर्दी पूर्ण वसूली पर रोक लगाने में अक्षम साबित हो रहे है और ठेकेदार दुकानदारों को लूट रहा है।

उल्लेखनीय है कि ठेकेदार की इस लूट के खिलाफ लगभग 15 दिनों पहले नगरपालिका में आयोजित जनसुनवाई में कुछ दुकानदारों द्वारा शिकायत की गई थी, जिस पर जनसुनवाई कर रहे पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल ने ठेकेदार के कर्मचारियों को नगरपालिका द्वारा निर्धारित दर से ही वसूली करने के निर्देश दिए थे। लेकिन ठेकेदारों ने उनके आदेशों की धज्जियॉ उड़ा कर रख दी है।

यहॉ उल्लेखनीय है कि ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा अधिक राशि लेने पर भी उन्हें पर्ची बराबर नहीं दी जाती है। जो दुकानदार उनका विरोध करता है, उस दुकानदार को बाजार में दुकान लगाने से मना करते है और उसके साथ गाली गलौच करते है। हालात यह है कि दुकानदार इन कर्मचारियों की गुंडागर्दी से भयभीत होकर अब कुछ कहने से भी डरने लगे है।

मवेशी बाजार में तो स्थिति यह है कि पंजीयन पर्ची पर वसूली गई राशि का उल्लेख ही नहीं किया जाता है। नगरपालिका वारासिवनी द्वारा मवेशी बाजार के लिए जो दर निर्धारित की गई है, उसके अनुसार बैल, बोदा, भैंस, गाय के लिए प्रति नग 160 रुपये, बकरा बकरी के लिए 60 रुपये प्रति नग, बछड़ा, बछिया, पड़वा, पठिया के लिए 60 रुपये प्रति नग है साथ ही बिक्री पर प्रति रास 50 रुपये पंजीयन शुल्क के देना होता है। लेकिन बाजार ठेकेदार द्वारा बैल, गाय, बोदा, भैंस आदि की बिक्री पर पहले 1000 रुपये लिए जा रहे थे, लेकिन 26 मई के बाजार में 800 रुपये लिए गए है। जिन किसानों द्वारा मवेशी खरीदे-बेचे जाते है, उनको जो रसीद दी जाती है, उसमें राशि का उल्लेख नहीं किया जाता है।

वहीं सब्जी बाजार में बगैर पाल लगाए बैठने वाले दुकानदारों से 70 रुपये वसूले जा रहे है, जबकि उनसे सिर्फ 10 रुपये लेने का प्रावधान है। उसके अलावा त्रिपाल लगाकर सब्जी, सराफा, किराना, लोहा, बर्तन, तम्बाखु, मनिहारी, कपड़ा, नारियल, हड्डी, चमडा, मॉस, मछली, तिलहन, आम, इमली, खटाई, जूते चप्पल, चॉवल छोडक़र सभी प्रकार के अनाज बेचने वाले दुकानदारों से 70 रुपये वसूले जा रहे है, जबकि उनसे सिर्फ 30 रुपये लेने का प्रावधान है, वहीं हाथ ठेले में लेकर घूमने वाले चाट, खिलौना, मनिहारी व अन्य अस्थायी दुकानों के दुकानदारों से प्रति ठेला 50 रुपये लिया जा रहा है, जबकि नगरपालिका द्वारा निर्धारित दर मात्र 20 रुपये प्रति ठेला है।

हमारे प्रतिनिधि ने जब मंगलवार 26 मई को मवेशी बाजार का भ्रमण किया और मवेशी खरीदने व बेचने वालों से चर्चा की, तो ग्राम नवेगॉव तीन टोला निवासी रामचरण डहारे ने बताया कि उसने एक मवेशी 25 हजार रुपये खरीदा है, जिसके बाजार शुल्क ठेकेदार के कर्मचारियों ने 400 रुपये लिया है, चिठ्ठी दी है, लेकिन रकम नहीं लिखा है। वहीं दिनेरा निवासी किसान मनोहर सिंह ने बताया कि उसने 2 मवेशी धानीटोला वाले के पास से 42 हजार रुपये खरीदा है। ठेकेदार ने हमसे 800 रुपये लिया है, रसीद दिया है, लेकिन रकम नहीं लिखी है।

ग्राम चिल्लौद से सब्जी बेचने के लिए आई ग्रामीण महिला साधना दांदरे ने बताया कि ठेकेदार के कर्मचारी ने उससे 70 रुपये लिए है, जब उसने उससे कम रकम लेने के लिए कहा, तो वह गाली गलौच करने लगा। उसने बताया कि ठेकेदार के कर्मचारी शराब पीकर आते है।

### इनका कहना है:-

ठेकेदार को इसके पहले भी निर्धारित पर वसूली करने के निर्देश दिए गए थे। यदि वह निर्धारित दर से अधिक वसूली कर रहा है, तो उस पर कार्यवाही की जायेगी। उसे एक बार और समझाईस देने के लिए कल कार्यालय में बुलाया गया है।

**सूर्यप्रकाश उके मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद वारासिवनी।**

# सीमा पर रेत माफियाओं का साम्राज्य, बहेला में कानून बेबस!

### पूर्व सरपंच के संरक्षण और पुलिस की कथित सांठगांठ से महाराष्ट्र की अवैध रेत का धंधा बेलगाम, विरोध करने पर महिलाओं तक से मारपीट

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** जिले के बहेला थाना क्षेत्र में अवैध रेत कारोबार अब खुलेआम गुंडागर्दी में बदलता नजर आ रहा है। महाराष्ट्र से मध्यप्रदेश की सीमा में बिना रॉयल्टी और बिना वैध दस्तावेजों के रेत से भरे डंपर धड़ल्ले से प्रवेश कर रहे हैं, लेकिन पुलिस प्रशासन कार्रवाई के बजाय तमाशबीन बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि रिशेवाड़ा के पूर्व सरपंच सुरेश लिल्हारे के संरक्षण में यह पूरा अवैध कारोबार संचालित हो रहा है और बहेला पुलिस की कथित मिलीभगत के चलते रेत माफियाओं के हौसले सातवें आसमान पर हैं।

**विरोध किया तो महिला और बेटे से की मारपीट:** मामले ने मंगलवार को उस समय गंभीर रूप ले लिया जब ग्राम आसोलीटोला सावरीखुर्द निवासी हिरियाबाई पति झनकलाल लिल्हारे ने बहेला थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के अनुसार 27 मई की सुबह करीब 9 बजे रेत से भरा डंपर क्रमांक आरजे-35 जीए-6777 जबरदस्ती उनकी पाइपलाइन के ऊपर से निकाला जा रहा था। हिरियाबाई ने कई बार मना किया, लेकिन डंपर चालक और साथ मौजूद लोगों ने उनकी एक नहीं सुनी। आरोप है कि विरोध करने पर राजकुमार लिल्हारे, महेश, महेंद्र और पूर्व सरपंच सुरेश लिल्हारे ने हिरियाबाई और उनके बेटे लोकेश लिल्हारे के साथ गाली-गलौज, धक्का-मुक्की और मारपीट की। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि अब रेत माफिया इतने बेखौफ हो चुके हैं कि महिलाओं तक को धमकाने और पीटने से नहीं डर रहे।

**पुलिस की भूमिका पर उठे बड़े सवाल:** ग्रामीणों ने बहेला पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि क्षेत्र में रात-दिन सैकड़ों ट्रैक्टर और डंपर महाराष्ट्र से अवैध रेत लेकर गुजर रहे हैं, लेकिन पुलिस को यह सब दिखाई नहीं देता। लोगों का कहना है कि यदि पुलिस ईमानदारी से कार्रवाई करे तो एक दिन में पूरा अवैध कारोबार बंद हो सकता है, लेकिन कथित सांठगांठ के कारण रेत माफियाओं पर हाथ डालने से बचा जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि अवैध रेत परिवहन से गांवों की सड़कें टूट रही हैं, पाइपलाइनें क्षतिग्रस्त हो रही हैं और आम नागरिक भय के माहौल में जीने को मजबूर हैं। अब क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि बहेला थाना क्षेत्र में सक्रिय रेत माफियाओं, उनके संरक्षणदाताओं और कथित मिलीभगत करने वाले अधिकारियों की निष्पक्ष जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाए, अन्यथा ग्रामीण आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।



## अब तक 2726 किसानों से 83 हजार 843 क्विंटल गेहूँ की हुई खरीदी

**बालाघाट।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत बालाघाट जिले में 13 केन्द्रों पर किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी की जा रही है। समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय के लिए जिले के 4388 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। 26 मई तक जिले के 2726 किसानों से 22 करोड 87 हजार 875 रुपए के 83 हजार 843 क्विंटल गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा चुकी है। किसानों को 18 करोड़ 52 लाख रुपये की राशि का भुगतान कर दिया गया है और यह राशि उनके बैंक खाते में पहुंच गई है। समर्थन मूल्य पर 28 मई तक किसानों से गेहूँ की खरीदी की जा सकेगी।

## खबर संक्षेप

### आज ज्यारत में अता होगी, ईद-उल-जुहा की नमाज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मुस्लिम धर्मावल बियों द्वारा ईद-उल-जुहा का त्यौहार 28 मई को मनाया जाएगा। शहर काजी हाफिज मो.रफीक अंसारी ने बताया कि ईद-उल-जुहा की नमाज ज्यारत स्थित ईदगाह में सुबह 8.00 बजे अता की जाएगी। शहर काजी ने समाज के लोगों से निर्धारित समय से आधा घंटा पूर्व नमाज स्थल पर पहुंचें व घर से वजू बनाकर आने की गुजारिश की है।

### पेयजल समस्या के निराकरण के लिए समिति गठित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रभारी कलेक्टर अनिल कुमार राठौर द्वारा जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायत के आधार पर ग्राम राहीवाड़ा में पर्याप्त पेयजल आपूर्ति नहीं होने की समस्या के निराकरण किए जाने के लिए समिति का गठन किया गया है।

गठित समिति में कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी आर.जी.गभने, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लोकेश साहू, प्रबंधक जल निगम श्री अभिषेक परधान तथा श्रीमती रोहणी बघेल, सहायक यंत्री जनपद पंचायत सिवनी को शामिल किया गया है।

प्रभारी कलेक्टर श्री राठौर ने उक्त समिति को 27 मई 2026 को प्रातः 7.30 बजे ग्राम राहीवाड़ा पहुंचकर पेयजल व्यवस्था एवं मौके की स्थिति का निरीक्षण कर समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कार्यवाही की अनुशंसा एवं क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा की गई कार्यवाही एवं प्राप्त प्रगति का प्रतिवेदन 3 दिवस के भीतर प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया है।




### महाकौशल प्रांत का परिषद शिक्षा वर्ग प्रारंभ

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** विश्व हिंदू परिषद महाकौशल प्रांत का परिषद वर्ग सिवनी में प्रारंभ हुआ जिसके उदघाटन सत्र में वर्गपालक गोपाल सोनी जी एवं वर्ग संचालक सुरेन्द्र सिंह जी के साथ महाकौशल प्रांत संगठन मंत्री जितेंद्र वर्मा जी उपस्थित रहे। विहिप के जिला मंत्री अंकित मालू ने बताया कि वर्ग माउंट लिटेरा स्कूल में दस दिन तक चलेगा । वर्ग संचालक जितेंद्र वर्मा ने उद्घाटन सत्र में शिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह वर्ग आपके व्यक्तित्व को निखारेगा। दस दिनों तक पूर्ण मनोयोग से करने बाला कार्य कर्ता समाज में फैली कुरीतियों को दूर कर समाज निर्माण और राष्ट्र निर्माण में सहायक होगा। वर्ग के प्रत्येक दिन अलग-अलग विषय में वरिष्ठ पदाधिकारी का मार्गदर्शन होगा और शरीर मन को स्वस्थ रखने के लिए शारीरिक व्यायाम ध्यान, योग और सत्संग के सत्र चलेंगे वर्ग का समापन 5 जून को होगा।

### राजस्व अधिकारियों की बैठक 29 मई को आयोजित होगी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले में राजस्व संबंधी कार्यों की समीक्षा एवं लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु राजस्व अधिकारियों की बैठक का आयोजन शुक्रवार 29 मई को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया जाएगा। बैठक में जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार एजेंडावार जानकारी के साथ उपस्थिति के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, राजस्व वसूली, सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी तथा अन्य लंबित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण एवं आमजन को समय-सीमा में सेवाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे। अपर कलेक्टर द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी एवं प्रगति प्रतिवेदन के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# वन विभाग की टीम ने लकड़ियों से भरा ऑटो वाहन किया जब्त, आरोपी फरार

सिवनी जिले के घंसौर वन परिक्षेत्र में मंगलवार देर रात लकड़ी तस्करी का बड़ा मामला सामने आया है। बक्शी गांव के पास वन अमले और वन समिति की संयुक्त सतर्कता से अवैध रूप से लकड़ी ले जा रहा एक ऑटो वाहन जब्त किया गया। हालांकि कार्रवाई के दौरान आरोपी मौके से फरार हो गए।

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

जानकारी के अनुसार, वन समिति के सदस्य रात में क्षेत्र की निगरानी कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें जंगल से कीमती लकड़ियां एक वाहन में भरकर ले जाते कुछ संदिग्ध लोग दिखाई दिए। वन समिति ने तत्काल वन विभाग के अधिकारियों को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर कार्रवाई की।

### ऑटो छोड़कर तस्कर फरार

वन विभाग की टीम ने मौके से लकड़ियों से भरा ऑटो वाहन जब्त कर लिया। बताया गया है कि आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहे। जब्त की गई लकड़ियों की



प्रजाति और उनकी वास्तविक कीमत का आकलन वन विभाग की ओर से किया जा रहा है। घंसौर वन परिक्षेत्र अधिकारी आशुतोष चंद्रवंशी ने बताया कि विभाग को वन संपदा की अवैध तस्करी की सूचना मिली थी। इसी आधार पर टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की और वाहन सहित बड़ी मात्रा में लकड़ियां जब्त कीं। उन्होंने यह भी बताया कि लकड़ियों की कीमत और तस्करी के नेटवर्क के संबंध में जांच जारी है।

### फरार आरोपियों की तलाश जारी

वन विभाग अब यह पता लगाने में जुटा है कि ये लकड़ियां कहां से काटी गई थीं और इन्हें किस स्थान पर ले जाया जा रहा था। फरार आरोपियों की तलाश भी की जा रही है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन संपदा की अवैध कटाई और तस्करी करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# कक्षा 5वीं एवं 8वीं की पुनः परीक्षा 1 से 6 जून तक

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र सिवनी द्वारा बताया गया कि शासन के आदेशानुसार जिले की समस्त शासकीय, मान्यता प्राप्त अशासकीय, अनुदान प्राप्त शालाओं एवं मदरसों में अध्ययनरत कक्षा 5वीं एवं 8वीं के विद्यार्थियों की पुनः परीक्षा सत्र 2025-26 का आयोजन दिनांक 01 जून से 06 जून 2026 तक किया जाएगा। परीक्षा प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक निर्धारित समय-सारणी अनुसार आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि जारी आदेशानुसार सभी पात्र विद्यार्थियों को पुनः परीक्षा में सम्मिलित कराने की जिम्मेदारी संबंधित संस्था प्रमुख एवं शिक्षकों की होगी। विद्यार्थियों को परीक्षा केन्द्र तक पहुंचाने का दायित्व भी संबंधित संस्था प्रमुख एवं शिक्षकों को सौंपा गया है।

पुनः परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्र केवल जनशिक्षा केन्द्र स्तर पर बनाए गए हैं। विगत वर्ष की भांति निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर ऑन-द-स्पॉट प्रिंटिंग प्रक्रिया अपनाई जाएगी। इसके लिए परीक्षा पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने की संपूर्ण जिम्मेदारी जनशिक्षा केन्द्र प्रभारियों को दी गई है। इसके अतिरिक्त परीक्षा केन्द्रों पर विद्यार्थियों के लिए शीतल पेयजल तथा आवश्यकता अनुसार पंखे एवं कूलर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। उपरोक्त संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जिला परियोजना समन्वयक द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों एवं संस्थाओं को जारी कर दिए गए हैं।

# धनौरा बीडीओ कार्यालय में भ्रष्टाचार के आरोपों से मचा हड़कंप

**धनौरा।** सिवनी जिले के धनोरा जनपद पंचायत क्षेत्र में भ्रष्टाचार के मामलों को लेकर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। बीते आठ महीनों में तीन बार लोकायुक्त की कार्रवाई होने के बावजूद भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। हाल ही में जनपद पंचायत धनोरा के बीडीओ कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 कर्मचारी अरुण कुमरे को जबलपुर लोकायुक्त टीम द्वारा 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया था। इस कार्रवाई के बाद पूरे क्षेत्र में हडक़ंप मच गया था। मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि 15 दिनों के भीतर ही एक और रिश्वतखोरी का गंभीर आरोप सामने आ गया। इस बार एक महिला ने अंशकालीन कर्मचारी पर 95 हजार रुपये लेने का आरोप लगाया है।

**8 महीने में तीन बार लोकायुक्त कार्रवाई, फिर भी नहीं थम रहे रिश्वतखोरी के आरोप**

प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदिका सरिता झारिया के पिता स्वर्गीय सुखराम झारिया जनजातीय कार्य विभाग के कन्या छात्रावास में भृत्य पद पर कार्यरत थे। बाद में उन्होंने जनपद पंचायत धनोरा में भी अपनी सेवाएं दीं और वर्ष 2018 में सेवानिवृत्त हुए थे। सेवानिवृत्ति के बाद नियमानुसार पेंशन प्रक्रिया पूरी होना थी, लेकिन परिवार को पेंशन का लाभ नहीं मिल पाया।

आरोप है कि पेंशन संबंधी कार्य कराने के नाम पर वर्ष 2021 में सरिता झारिया से बसंत झारिया एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी आई.एस. टेकाम द्वारा 95 हजार रुपये लिए गए थे। इसके बावजूद आज तक उनका कार्य नहीं किया गया। लंबे समय तक परेशान रहने के बाद आवेदिका ने धनौरा थाने में बसंत झारिया के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। लगातार सामने आ रहे भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के मामलों ने जनपद पंचायत धनोरा की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि लोकायुक्त की कार्रवाई के बाद भी यदि हालात नहीं सुधर रहे हैं, तो यह प्रशासनिक व्यवस्था की बड़ी विफलता है। अब देखना यह होगा कि पुलिस और प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करते हैं।

# सिवनी पुलिस को बड़ी सफलताः 86.600 किलोग्राम गाँजा सहित 2 अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन, अति. पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन एवं अनु. अधि. पुलिस लखनादौन श अपूर्व भलावी के नेतृत्व में थाना लखनादौन पुलिस को अवैध मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध बड़ी सफलता प्राप्त हुई है।**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** दिनांक 27/05/2026 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि स्विफ्ट डिजायर कार क्र. MP 49 C 3251 से अवैध मादक पदार्थ गाँजा की बड़ी खेप नागपुर से भोपाल की ओर ले जाई जा रही है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए अनु. अधि. पुलिस लखनादौन श्री अपूर्व भलावी के नेतृत्व में थाना प्रभारी लखनादौन निरीक्षक श्री के.पी. धुर्वे एवं थाना प्रभारी छपारा श्री खैमेन्द्र जैतवार द्वारा संयुक्त टीम गठित कर बम्होडी ब्रिज, लखनादौन के पास घेराबंदी की गई। घेराबंदी के दौरान उक्त कार को रोककर तलाशी ली गई। कार में सवार 2 व्यक्तियों ने पूछताछ में अपना नाम



1. जाकिर मिया पिता पीर मिया, उम्र 58 वर्ष, निवासी भोपाल एवं
2. कमल पिता दौलतराम जाटव, उम्र 41 वर्ष, निवासी भोपाल

बताया। कड़ाई से पूछताछ पर आरोपियों ने कार की सीट के नीचे बने विशेष चैम्बर में गाँजा छुपाकर रखना स्वीकार किया। चैम्बर खोलकर तलाशी लेने पर 15 पैकेटों में कुल 86.600 किलोग्राम गाँजा बरामद हुआ। दोनों आरोपियों को मौके पर गिरफ्तार कर अवैध मादक पदार्थ एवं वाहन को जप्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध थाना लखनादौन में अपराध क्र.220/26 धारा 8, 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपियों का पुलिस रिमांड प्राप्त कर नेटवर्क के संबंध में सघन पूछताछ की जा रही है।

# धनंजय सिंह की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध दर्ज कराते हुए पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा

**सिवनी।** जिला एनएसयुआई के जिला अध्यक्ष इंजीनियर धनंजय सिंह एवं उनके साथियो के विरूद्ध थाना कोतवाली सिवनी में आपराधिक प्रकरण दर्ज किये जाने एवं उक्त छात्र नेताओं को गिरफ्तार कर थाने में निरूद्ध रखे जाने के विरोध में कांग्रेस के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने आज नगरपालिका चौक से थाना कोतवाली तक जुलूस की सक्ल में नारेबाजी करते हुए थाना कोतवाली पंहुचकर नगर निरीक्षक सिवनी को पुलिस अधीक्षक के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से अग्र लिखित शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुए कार्यवाही की मांग की गई। इस ज्ञापन में प्रमुख रूप से मांग की गई कि शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी में विगत दिनों मुन्ना भाई की तर्ज पर किसी अन्य विद्यार्थी के स्थान पर परीक्षा देते हुए दो परीक्षार्थी पकड़े गए थे, इस गंभीर विषय को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के जिला अध्यक्ष इंजीनियर धनंजय सिंह द्वारा प्राचार्य जिला पुलिस अधीक्षक एवं जिला कलेक्टर सिवनी को आवेदन एवं



ज्ञापन प्रस्तुत कर दोषियों पर सख्त कार्यवाही की मांग की गई थी। पूर्व में घटित मुना भाई प्रकरण की पुनरावृत्ति होते देख जिला एनएसयुआई के जिला अध्यक्ष इंजीनियर धनंजय सिंह द्वारा न केवल इसका विरोध किया गया बल्कि महाविद्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध आरटीआई आवेदन भी लगाए गए। इसके फलस्वरूप महाविद्यालय के प्राचार्य श्री नाग एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों द्वारा उन्हें धमकाना, मारपीट करना एवं मानसिक दबाव बनाना प्रारंभ कर दिया गया। इन्हीं परिस्थितियों के विरोध में धनंजय सिंह द्वारा अपने साथियों के साथ शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन किया जा रहा था, जिसकी सूचना पूर्व में प्रशासन को दी गई थी। इसके बावजूद कॉलेज प्रशासन के एवं सत्ताधारी दल के नेताओं के दबाव डालने पर पुलिस द्वारा उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया, जो कि पक्षपातपूर्ण प्रतीत होता है।

ज्ञापन के माधम से मांग की गई कि शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी में चल रहे मुन्ना भाई गिरोह की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय पुलिस जांच की जाए, इस प्रकरण में संलिप्त प्राचार्य संबंधित प्रोफेसर कर्मचारी ;बाबू,चपरासी एवं संरक्षण देने वाले राजनैतिक व्यक्तियों की भूमिका की जांच कर उनके विरुद्ध विधिसम्मत कठोर कार्यवाही की जाए। केवल परीक्षार्थियों पर ही नहीं बल्कि पूरे संगठित गिरोह पर आपराधिक प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। निर्दोष छात्रों के साथ हुए अन्याय की जांच कर उन्हें न्याय दिलाया जाए। यदि उपरोक्त विषय पर निष्पक्ष एवं कठोर कार्यवाही नहीं की जाती है तो कांग्रेस पार्टी एवं भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

यहाँ यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि कल धनंजय सिंह के साथ अन्य चार छात्र नेताओं को गिरफतार कर लिया गया था उनमें से सोहेल खान एवं विशाल काकोडिया की आज परीक्षा थी जबकि इनके विरूद्ध जमानती अपराध में प्रकरण दर्ज किया गया था इसके बावजूद पुलिस ने अपना अडियल रवैया अपनाते हुए इन छात्रों को थाने से जमानत नही दी और उन्हें परीक्षा से वंचित कर दिया। परीक्षा का समय समाप्त होने के उपरांत उन्हें छोड़ा गया।

# बकरीद पर्व के मद्देनजर सिवनी शहर में पुलिस का फ्लैग मार्च

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

**आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने तथा शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन में पुलिस द्वारा सतत निगरानी व एहतियाती कार्यवाही की जा रही है।**

इसी क्रम में अति. पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं एसडीओपी सचिन परते के नेतृत्व मे थाना कोतवाली पुलिस बल द्वारा शहर के संवेदनशील एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च थाना कोतवाली से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, बाबा रोड लाइन्स, झिरिया चौक, हड्डी गोदाम चौक मस्जिद, टीपू सुल्तान चौक, मटन मार्केट, बुधवारी तालाब, ईदगाह मस्जिद, राजपुरोहित के सामने, एलआईबी चौक, टिग्गा मोहल्ला, घसियारी मोहल्ला, कटंगी रोड, जनता



नगर, पुनः घसियारी मोहल्ला, जैन मंदिर, बैंक ऑफ इंडिया, छोटी मस्जिद चौक, बस स्टैंड होते हुए वापस थाना कोतवाली में समाप्त हुआ।

### फ्लैग मार्च का उद्देश्य

आमजन में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करना एवं असामाजिक तत्वों में पुलिस की उपस्थिति का संदेश देना। नागरिकों से बकरीद का पर्व आपसी भाईचारे, सद्भाव एवं शांति के साथ मनाने की अपील की गई। सोशल मीडिया सहित किसी भी माध्यम से फैलने वाली अफवाहों पर ध्यान न देने एवं तत्काल पुलिस को सूचित करने हेतु जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशानुसार स्पष्ट किया गया है कि त्योहार के दौरान शांति भंग करने, सांप्रदायिक सौहार्द बिगाडऩे का प्रयास करने वालों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए सख्त वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### भाजपा संगठनात्मक बैठक में क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल ने दिया संगठन विस्तार और जनसंपर्क का मंत्र

**सिवनी।** भारतीय जनता पार्टी समाज के लिए कार्य करने वाला राजनीतिक दल है। संगठनात्मक कार्यक्रमों के साथ-साथ समाज के बीच चल रही गतिविधियों में भी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। सामाजिक संगठनों के प्रमुख व्यक्तियों से आत्मीय संबंध बनाए रखने और विपक्षी दलों की गतिविधियों पर सतत नजर रखने की जरूरत है। यह बात भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल ने सोमवार को जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित संगठनात्मक बैठक में कही। भाजपा जिला महामंत्री संतोष अग्रवाल ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष मीना बिसेन ने की।

# केवल घर-बार छोड़कर वन में चले जाना ही वैराग्य नहीं है

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** छोटी मुंगवानी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन मंगलवार को कथा व्यास आचार्य श्री हितेन्द्र पाण्डेय ने श्रद्धालुओं को वैराग्य और धर्म के महत्व का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि केवल घर-बार छोड़कर वन में चले जाना ही वैराग्य नहीं है, बल्कि गृहस्थ आश्रम में रहकर संयम, अंतःकरण की शुद्धता और धर्म का पालन करना भी सच्चा वैराग्य है। उन्होंने कहा कि भगवान के प्रति निष्ठावान होकर की गई दिनचर्या का प्रत्येक कर्म पूजा के समान होता है तथा संयमित जीवन तपश्चर्या के समान माना जाता है। कथा के दौरान आचार्य श्री ने राजा परीक्षित और श्री सुखदेव जी महाराज के संवाद का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि राजा परीक्षित को वाणी का श्राप मिला था, इसलिए उसी वाणी के माध्यम से उनके कल्याण का मार्ग प्रशस्त हुआ। श्री सुखदेव जी महाराज उनके पास पहुंचे और राजा परीक्षित ने गंगा तट पर उनका पूजन कर उनसे महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे। राजा परीक्षित ने प्रश्न किया कि मनुष्य को अपने जीवन में क्या करना चाहिए तथा जिस व्यक्ति को मृत्यु निकट होने का आभास होने लगे, उसे क्या करना चाहिए। इस पर श्री सुखदेव जी महाराज ने मानव जीवन के उद्देश्य, भक्ति और धर्म पालन का मार्ग बताया। कथा आयोजक सीताराम सनोडिया ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा का विश्राम 1 जून को होगा। कथा स्थल पर बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं के लिए पंखा, कूलर एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई है।

# संयुक्त संघर्ष मोर्चा के प्रयास रंग लाए, सहायक उप निरीक्षक अब कहलाएंगे उप निरीक्षक

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

मध्यप्रदेश मंडी बोर्ड में कार्यरत कर्मचारियों के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। संयुक्त संघर्ष मोर्चा मध्यप्रदेश मंडी बोर्ड के लगातार प्रयासों के बाद मंडी बोर्ड भोपाल द्वारा सहायक उप निरीक्षकों का पदनाम परिवर्तन कर उन्हें “उप निरीक्षक” बनाए जाने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। इस निर्णय से कर्मचारियों में खुशी का माहौल है। संयुक्त संघर्ष मोर्चा मध्यप्रदेश मंडी बोर्ड भोपाल के जिला अध्यक्ष नौबद सनोडिया ने मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि यह उपलब्धि मोर्चा के संयोजक बी.बी. फौजदार एवं समस्त प्रांतीय पदाधिकारियों के सतत प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से कर्मचारियों की मांगों को लेकर संघर्ष किया जा रहा था, जिसके बाद यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। अब मंडी बोर्ड में कार्यरत उप निरीक्षक दो स्टार लगाकर अपनी सेवाएं देंगे, जिससे कर्मचारियों के सम्मान और मनोबल में वृद्धि होगी। इस निर्णय को लेकर मंडी बोर्ड कर्मचारियों में उत्साह देखा जा रहा है। संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने पूर्व में आरक्षित निधि को 15 प्रतिशत बढ़ाने संबंधी आदेश भी मंडी बोर्ड भोपाल से जारी कराए थे। इससे कर्मचारियों के वेतन एवं भत्तों के भुगतान में आने वाली समस्याओं का समाधान हुआ है। मोर्चा के पदाधिकारियों ने कहा कि कर्मचारियों की अन्य लंबित मांगों को लेकर भी संघर्ष जारी रहेगा और जल्द ही अन्य मांगों पर भी सकारात्मक निर्णय होने की उम्मीद।

## अवैध वसूली के लगाए आरोप

# आक्रोशित ड्राइवरों ने लगाया चक्का जाम

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

NH-44 नागपुर रोड स्थित RTO चेक पोस्ट पर ट्रक ड्राइवर के साथ कथित मारपीट के बाद मंगलवार को ड्राइवरों का आक्रोश फूट पड़ा। नाराज ट्रक चालकों ने सड़क पर जाम लगा दिया, जिससे दोनों ओर करीब 7 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। लगभग 30 मिनट तक यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा और भीषण गर्मी में राहगीरों एवं यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूत्रों के



अनुसार, ट्रक ड्राइवर के साथ RTO कर्मचारियों द्वारा मारपीट किए जाने की बात सामने आने के बाद अन्य वाहन चालक एकत्रित हो गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन कर रहे ड्राइवरों ने RTO कर्मचारियों पर अवैध वसूली के भी आरोप लगाए। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाला। कुरई थाना प्रभारी कृपाल साह तेकाम ने बताया कि ट्रक ड्राइवर के साथ मारपीट की घटना से आक्रोशित ड्राइवरों ने जाम लगाया था, लेकिन पुलिस द्वारा समझाइश देकर आवागमन सुचारू करा दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही कुरई तहसीलदार शनि पाल परतेती भी मौके पर पहुंचे और यातायात व्यवस्था बहाल कराने में सहयोग किया।

